मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 45 ■ अंक : 253 ■ सोमवार 5 जनवरी 2026 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**एकनाथ शिंदे बोले-ठाकरे बंधुओं का 'मराठी मानूस प्रेम' नकली**

# खस्ताहाल शहर में वोट मांगना मुश्किल

## उल्हासनगर महानगर पालिका चुनाव | सड़कों की खुदाई नेताओं पर पड़ रही भारी

- जो काम सालों में नहीं हुआ वो अब कैसे होगा?
- मतदाताओं को गुमराह करने का कार्य जारी
- सत्ताधारी पक्ष ही आमने-सामने
- चुनाव में 10 दिन शेष

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका चुनाव में अब केवल 10 दिन ही शेष रह गए हैं। पिछले कुछ दिनों से सभी पैनलों में उम्मीदवारों ने चुनाव प्रचार तो शुरू कर दिया है लेकिन खस्ता हालत शहर में अब उन्हें वोट मांगने में शर्म आ रही है क्योंकि शहर की करीब सभी अच्छी बुरी सड़कें खुदी हुई है और पुराने नेताओं को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। इसमें नए व युवा उम्मीदवार इस विषय को जमकर चुनाव में मुद्दा बनाए हैं ताकि लोग इस समस्या





नगर से बाहर आकर विकास नगर में बसे।

उल्हासनगर शहर में खस्ता हालत सड़कों का एक ऐसा मुद्दा है जिसे शहर शर्मसार हो चुका है। बाहरी गांव से आने वाले लोग भी शहरवासियों को कोस रहे हैं कि इससे बेहतर गांव है क्योंकि वहां भी अब सड़कें बन रही है लेकिन यहां बनकर वापस तोड़ी जा रही है। उल्हासनगर का केबी रोड दोबारा बनाए जाने से एक के उपर एक सीसी रोड बनाए जाने से रोजाना ट्रैफिक जाम रहता है। दूसरी ओर भुयारी गटर की पाइप लाइन जो और 5 साल तक चलेगी उसने शहर को और भी बर्बाद कर दिया है। सड़कों की खुदाई के कारण हर जगह ट्रैफिक जाम और आए दिन दुर्घटना हो रही है इतना ही नहीं खुदाई के कारण धूल का साम्राज्य स्वास्थ्य को भी खराब हो रहा है। ऐसे में उम्मीदवार वोट मांग रहे हैं और उन्हें मतदाताओं के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। सभी यही कहते सुने गए हैं कि हम जीतेंगे तो सभी सड़कें बनाएंगे और स्वर्ग जैसा वार्ड बनाएगे। ऐसे ख्याली पुलाव बनाकर मतदाताओं को गुमराह किया जा रहा है। मतदाता समझदार हो गए हैं और उन्होंने तय कर लिया है कि किसे देना और किससे लेना है। तो फिलहाल उम्मीदवार 10 दिन धक्के खाएंगे और 5 साल जनता को धक्का खिलाएंगे।

## प्रभाग निहाय विश्लेषण...

# पैनल 20 में एक ही परिवार का नहीं होगा वर्चस्व




| पैनल 20 | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 19,795 |
| पुरुष मतदाता | 10,724 |
| महिला मतदाता | 9,037 |

- डम्पिंग ग्राउंड से नागरिक त्रस्त

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका का चुनाव 15 जनवरी 2026 को होने जा रहा है। मनपा क्षेत्र में कुल 78 वार्डों के 20 पैनल बनाए गए हैं। सभी पैनल कई समस्याओं से ग्रस्त जिसमें हर पैनल में प्रमुख समस्या खराब सड़कें, पानी की किल्लत, साफ सफाई कचरे की समस्या, धोकादायक इमारतों का मुद्दा, ट्रैफिक, अवैध निर्माण समस्या जैसे मूलभूत सुविधा से शहर वंचित है और इन्हीं प्रमुख मुद्दों पर चुनाव प्रचार देखने को मिलेगा। ऐसे में हमने सभी पैनलों का विश्लेषण संक्षिप्त में किया है और यहां लोगों को पूर्व नगरसेवक ही चाहिए या कोई नया युवा नेता।

उल्हासनगर-5 स्थित इस पैनल में तीन वार्डों का समावेश है जिसमें गांधी रोड वाल्मिकी नगर, आंबेडकर नगर, महात्मा फुले नगर, प्रेम नगर टेकड़ी, पटेल नगर, हिललाईन पुलिस स्टेशन परिसर, राशन आफीस, नागसेन स्कूल परिसर, ओटी सेक्शन, दसेरा मैदान परसिर, चालीया साहेब मंदिर परिसर, जय बाबा धाम, गायकवाड़ पाड़ा, निजधाम आश्रम, आकाश कालोनी, लाल चक्की, जानामृत स्कूल अंबरनाथ गांव, शिव मंदिर परिसर आदि का समावेश है। 2017 के चुनाव में यहां अ - कविता गायकवाड - भाजपा, ब - आकाश पाटील - शिवसेना, क - विकास पाटील शिवसेना के नगरसेवक रह चुके हैं। अब नए आरक्षण में यहां अनुसूचित जाति महिला, ओबीसी महिला व जनरल सीट है। इस पैनल में सिंधी व मराठी समाज के ज्यादातर मतदाता रहते हैं। इस पैनल में परिवारवाद की राजनीति देखने को मिलती आ रही है। पाटील बंधूओं का यहां कब्जा है। समस्या से ग्रस्त इस पैनल में स्थानीय जनता ने परिवर्तन कर नए चेहरों को मौका किया है। भाजपा व शिवसेना के अलावा अन्य पक्षों को भी यहां मौका मिल सकता है। अपक्ष उम्मीदवारों ने भी अपना जाल बिछाया हुआ है। पैनल 19 व 20 में डम्पिंग ग्राउंड की समस्या सबसे बड़ी समस्या के रूप में उभर कर सामने आयी है। यहां भाजपा व शिवसेना ने इस पर बड़ी राजनीति की है। जो इससे छुटकारा दिलाएगा वो यहां का नगरसेवक बनेगा ऐसी चर्चा वार्ड में चल रही है।

# उल्हासनगर में 7 जनवरी को CM देवेंद्र फडणवीस की सभा

- DCP, MLA, जिला अध्यक्ष द्वारा मौके का निरीक्षण

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका चुनाव की असली लड़ाई अगले हफ़्ते से शुरू हो रही है। इसी के तहत 7 जनवरी को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की जनसभा रखी गई है और सभा स्थल का DCP सचिन गोरे, MLA कुमार आयलानी, BJP जिला अध्यक्ष राजेश वढारिया, सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर शंकर अवताड़े, लोक निर्माण विभाग के डिप्टी इंजीनियर संदीप द्वारा निरीक्षण किया गया है।



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की जनसभा C ब्लॉक के पास सेंचुरी मैदान में होगी। चूंकि इस सभा के लिए सिर्फ़ चार दिन बचे हैं, इसलिए मैदान में स्टेज की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, सफ़ाई, मैदान से कुछ पुरानी कारें हटाने और मैदान को चकाचक करने आदि को तुरंत लागू करने पर ज़ोर दिया गया। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी ने उल्हासनगर में किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं किया है और सभी 78 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। BJP के इस अकेले कदम को सफल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष राजेश वढारिया, MLA कुमार आयलानी और चुनाव प्रमुख प्रदीप रामचंदानी ने कमर कस ली है। यह देखना रोमांचक होगा कि 7 तारीख को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मीटिंग के बाद शहर का माहौल बदलता है या नहीं।

# पैनल-9 में शिवसेना के युवा उम्मीदवारों का संकल्प



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा के पैनल 9 में शिवसेना के युवा उम्मीदवार वार्डवासियों की पसंद बने हुए हैं। युवा उम्मीदवार आकाश सुमित चक्रवर्ती ने यहां सुभाष नगर परिसर में अपना समर्थन हासिल किया है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा लायी गई लाडकी बहन योजना व अन्य सरकारी योजनाओं का वार्डवासियों को जो लाभ मिल रहा है और अन्य योजनाओं का लाभ मिल सकें उसके लिए वो प्रयासरत रहेंगे। यहां से युवाओं और महिलाओं का भरपूर समर्थन आकाश चक्रवर्ती को मिल रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि चुनाव के दौरान ही नहीं चुनाव से पूर्व भी आकाश उनके लिए समस्या समाधान हेतु खड़े रहे हैं।

# 1.56 लाख का गुटखा जब्त

**पनवेल.** पनवेल महानगरपालिका चुनावों के बीच पनवेल शहर की पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने इलाके में कॉम्बिंग ऑपरेशन शुरू किया है. इसी के तहत पनवेल शहर के उरण नाका पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक कार की जांच की, जिसमें से पुलिस को 1 लाख 56 हजार रुपये का गुटखा मिली, जिसे पुलिस ने जब्त किया. इस मामले में पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार करके उक्त कार भी जब्त किया है.

पुलिस ने बताया कि उरण नाका के पास पनवेल से करंजाडे की ओर जा रही उक्त कार की जांच की, तो कार की पिछली सीट पर एक डिब्बे में प्रतिबंधित गुटखा मिला. साथ ही इस कार की डिक्की में भी 7 बोरे गुटखा मिला.

# पैनल 6 में शिवसेना के युवा व अनुभवी उम्मीदवार मैदान में



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा के पैनल 6 में शिवसेना ने दो युवा और दो अनुभवी उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। पूर्व नगरसेवक व शिवसेना उम्मीदवार महेश सुखरामानी यहां के स्थानीय निवासी हैं और बाकी के तीन उम्मीदवार जया प्रकाश माखीजा, प्रेरणा माखीजानी व विक्की सिंह भी स्थानीय है। श्री सुखरामानी ने कहा कि वार्ड की समस्याओं से हम सभी उम्मीदवार अवगत हैं। बाहरी उम्मीदवार यहां की समस्या से वाकिफ ही नहीं तो इसका हल कैसे करेंगे। इस वार्ड में हमारी योजनाओं का बहुत ही जल्द घोषणा पत्र आएगा जिससे पैनल और भी सुविधाजनक होगा। यहां के व्यापारी व निवासियों का हमें भरपूर समर्थन मिल रहा है।

# पैनल 16 में 17 की तरह विशेष निधि से राकांपा कार्य करेगी



उल्हासनगर। उल्हासनगर मनपा के पैनल 16 व 17 में राकांपा ने मजबूत उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। पैनल 16 में इस बार राकांपा ने सभी नए चेहरे मैदान में उतारे हैं यहां के निवासी अब यहां परिवर्तन चाहते हैं क्योंकि यहां विकास कार्य नहीं हुए हैं। पैनल 16 में महिला उम्मीदवार सोनिया धामी, महेंद्र म्हात्रे, नेहा प्रकाश लुंड, व विजय राजवानी गंगोत्री ने वार्डवासियों को भरोसा दिलाया है कि पैनल 17 की ही तरह यहां विशेष निधि उपमुख्यमंत्री अजित पवार के फंड से विकास कार्य होंगे। ज्ञात हो कि पैनल 17 में भारत गंगोत्री ने 25 करोड़ की निधि से पैनल का कायाकल्प किया हुआ है। जिस कारण वार्डवासियों का उनपर विश्वास है। इस चुनाव में पैनल 17 से राकांपा जिलाध्यक्ष भारत गंगोत्री के साथ तीनों नए चेहरों को राकांपा ने मौका दिया है जिसमें कमलेश शिरसाठ, सोनिया जग्यासी व रिंकी धामेजानी जो समाजसेवा में पहले से ही जुटे हुए थे। राकांपा ने शहर में ज्यादातर युवा व पढ़े लिखे उम्मीदवारों को ही मौका दिया है।

# ACB के जाल में फंसा सहायक पुलिस निरीक्षक

**उल्हासनगर.** यह चौंकाने वाली सच्चाई फिर सामने आई है कि कानून की रक्षा करने वाले ही कानून तोड़ रहे हैं। उल्हासनगर पुलिस स्टेशन के एक सहायक पुलिस निरीक्षक को ठाणे एंटी-करप्शन डिपार्टमेंट की टीम ने एक क्राइम में शामिल एक परिवार को गिरफ्तार न करने के बहाने 20,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। इस कार्रवाई से पुलिस डिपार्टमेंट में खलबली मच गई है और शहर में इस पर कड़ी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं।

उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले में, 2 जनवरी को एंटी-करप्शन ब्यूरो, ठाणे में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि संबंधित सरकारी कर्मचारी ने शिकायतकर्ता, उसके बेटे और पत्नी को गिरफ्तार न करने और केस में उनकी मदद करने के लिए 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए, ठाणे एंटी-करप्शन डिपार्टमेंट की पुलिस इंस्पेक्टर रूपाली पोल ने तुरंत वेरिफिकेशन कार्रवाई शुरू की। वेरिफिकेशन के दौरान, जैसे ही सरकारी कर्मचारी ने मांगी गई रकम ली, टीम ने जाल बिछाया और असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर संजय धोंडीराम बिडगर को हिरासत में ले लिया। इस मामले में आगे का केस दर्ज करने की कार्रवाई उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में चल रही है.

# पैनल 11 में साई पक्ष के जीवन इदनानी टीम से साथ मैदान में



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा पैनल 11 में फिर एक बार साई पक्ष से जीवन इदनानी अपने साथियों के साथ चुनावी मैदान में है और विरोधियों को जोरदार टक्कर दिए हुए हैं।


उल्हासनगर-3 स्थित दसेरा मैदान परिसर में कल साई पक्ष के उम्मीदवार जीवन इदनानी, इंदिरा उदासी, डॉ. हरेश जग्यासी व किरन सुनील सिंह ने चुनाव प्रचार की जोरदार शुरुआत की। श्री इदनानी ने कहा कि यह हमारा पुराना वार्ड है और इस वार्ड में हमने सबसे सुंदर इंदिरा गांधी गार्डन दिया है जिसका लोग लाभ उठा रहे हैं और मूलभूत समस्याओं पर भी ध्यान दिया गया है। युवा नेता जनक इदनानी अपनी पूरी टीम के साथ युवाओं के लिए जॉब मेला लगाया था जो पूरी तरह सफल हुआ।

इसमें पैनल 11 के कई लोगों ने लाभ उठाया। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ वार्डवासियों तक पहुंचाने का कार्य साई पार्टी कर रही है।

# जुम्मा बाजार में बाहरी धंधेवालों का आतंक

- स्थानीय धंधेवाले पर जानलेवा हमला
- पुलिस ने कार्रवाई नहीं की
- जुमा बाजार बंद करने की मांग

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के जुमा बाजार में कल्याण से धंधा लगाने आए कुछ गुंडों ने अंबरनाथ निवासी फल विक्रेता आशीष पॉल पर तेज धारदार हथियार से वार करके गंभीर घायल कर दिया. पुलिस ने 2 लोगों पर अपराध दर्ज किया था, लेकिन पुलिस ने उन गुंडों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है. उलट घायल आशीष पाल पर दबाव डाला जा रहा है कि वह केस को वापस ले. अब इस



मामले में नगरसेवक विकास हेमराज ने कहा है कि अगर बाहरी लोग आकर शहरवासी फल विक्रेता को जान से मारने का प्रयास करते हैं तो ऐसा जुमा बाजार अंबरनाथ में नहीं चाहिए. उन्होंने ये भी कहा है कि इस जुमा बाजार में कल्याण, भिवंडी, मुंब्रा, मुंबई से 300 से ज्यादा धंधे वाले आते हैं. इन धंधे वालों से अफसर नामक व्यक्ति 300 से 600 रुपए वसूल करता है. इस तरह एक दिन में डेढ़ लाख रुपए, महिने में 6 लाख और वर्ष में 72 लाख रुपए जमा किए जा रहे हैं. ये पैसे अफसर खुद रखता है या कोई इसका पार्टनर है. उन सब पर अवैध वसूली की कार्रवाई करने की मांग उन्होंने की है. उन्होंने कई बार प्रशासन को इस जुमा बाजार को बंद करने की मांग की है. विकास का अनुमान है कि किसी दिन यहां पर मर्डर हो जाएगा. उन्होंने पुलिस से कहा है कि पाल पर जानलेवा हमला करने वालों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए. बाहर से धंधा करने वालों ने हमारे यहां आतंक फैला रखा है. स्थानीय लोगों को धंधा लगाने नहीं दिया जाता है. इसलिए जुमा बाजार पर पाबंदी लगाने की मांग उन्होंने की है.

# पैनल-2 में भाजपा का चुनाव प्रचार जोरों पर



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा के पैनल 2 में भाजपा उम्मीदवारों का प्रचार जोरों पर चल रहा है। यहां पर मीना कौर लबाना, एड. भरत शिवनानी, संध्या मराठे व हरि कनौजिया का जोरदार प्रचार चल रहा है। भाजपा नेता अजित सिंह लबाना के नेतृत्व में इस पैनल में चारों उम्मीदवारों ने बेवस चौक परिसर में घर-घर प्रचार किया। जहां लाडकी बहनों को मिलने वाली सरकार की योजना व सुविधा का लाभ उन्हें समय पर मिल रहा और उनकी शिकायतों पर चर्चा हुई। भाजपा उम्मीदवारों ने अपने पैनल वासियों को भरोसा दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जो योजनाएं हैं और जो आने वाली हैं उनको घर-घर पहुंचाने का काम हम करेंगे।

# पैनल 2 में जमनू पुरस्वानी को मिल रहा लोगों का प्यार

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा के पैनल 2 में शिवसेना उम्मीदवार जमनू पुरस्वानी, होशियार सिंह लबाना, अनुष्का गोपलानी का जोरदार प्रचार चल रहा है। श्री पुरस्वानी ने कहा कि पैनल 2 हमारा घर है यहां के निवासियों का हमें भरपूर समर्थन प्राप्त है। पिछले कई दशकों से हमने वार्डवासियों की जो सेवा है वो



चुनाव तक सीमित नहीं है वो सालभर होती है। हमारा कार्यालय व निवास्थान स्थानीय लोगों के लिए पहले भी खुला था और आज भी खुला हुआ है। लोगों की मांग पर हमने अपने साथ युवा उम्मीदवारों को मौका दिया है। युवा उम्मीदवारों को वार्डवासियों का भरपूर प्यार भी मिल रहा है। पुरस्वानी परिवार हमेशा ही सेवा कार्य करता रहेगा।

# पुलिस ने 39 शराबी ड्राइवरों को पकड़ा

**उल्हासनगर.** साल 2025 को अलविदा कहने और नए साल 2026 का स्वागत न करने के लिए, उल्हासनगर और विठ्ठलवाड़ी ट्रैफिक पुलिस ने लापरवाही से गाड़ी चलाने वाले 39 शराबी ड्राइवरों को पकड़ा है। उनमें से हर एक से 10,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया और दोनों ट्रैफिक ब्रांच के खजाने में कुल 3.90 लाख रुपये जमा किए गए हैं। इन सभी के खिलाफ शराब पीकर गाड़ी चलाने का केस दर्ज किया गया है। खास बात यह है कि हाथ में तख्ती लिए यमराज ने ड्राइवरों को हिदायतें दीं। विठ्ठलवाड़ी ट्रैफिक ब्रांच के सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर अनिल पड़वाल के मार्गदर्शन में पुलिस नायक योगेश कढ़ने, संपत माली और अन्य पुलिस अधिकारियों ने 14 ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों को गिरफ्तार किया है। इनसे 1 लाख 40 हजार रुपये यानी 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया है।

# अंबरनाथ उप नगराध्यक्ष, स्वीकृत नगरसेवकों का चुनाव 12 को

- सभी पक्ष के नेताओं में बैठकों का दौर शुरू
- बदलापुर का चुनाव 9 को

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नपा उप नगराध्यक्ष एवं स्वीकृत नगरसेवक का चुनाव 12 जनवरी को दोपहर ढाई बजे अंबरनाथ नपा सभागृह में होगा. स्वीकृत 5 नगरसेवक 59 नगरसेवक वोट देकर चुनेंगे. हमारी जानकारी के अनुसार स्वीकृत नगरसेवकों को अपना नामांकन जिलाधिकारी कार्यालय में दाखिल करना होगा. 9 जनवरी तक नामांकन भरना होगा. 10 जनवरी शनिवार और 11 जनवरी रविवार को सरकारी छुट्टी है. 12 जनवरी को नामांकन भरे हुए स्वीकृत नगरसेवकों के लिए वोटिंग होगी.

विदित हो कि अंबरनाथ नपा में शिवसेना के 27, भाजपा के 14, कांग्रेस 12, राकांपा (अ.प.) 4 और 2 निर्दलीय नगरसेवक हैं. शिवसेना के 2, भाजपा, कांग्रेस का 1-1 स्वीकृत नगरसेवक चुनना है. शेष बचा एक स्वीकृत नगरसेवक के लिए कांटे की टक्कर होने का अनुमान है.

उप नगराध्यक्ष पद के लिए अगर एक से ज्यादा उम्मीदवार हुए तो चुनाव होगा, जिसे ज्यादा वोट मिलेगा, वह चुनाव जीत जाएगा. अगर भाजपा-कांग्रेस में युति हुई तो कांग्रेस के प्रदीप पाटिल उप नगराध्यक्ष के उम्मीदवार हो सकते हैं. अगर भाजपा सेना में तालमेल जुड़ गया तो शिवसेना के अब्दुल शेख, राजेश वालेकर उप नगराध्यक्ष के उम्मीदवार हो सकते हैं. शिवसैनिक तो ये कहते दिखाई दे रहे हैं कि बाजपा-शिवसेना की युति वरिष्ठ नेता करेंगे और युति होगी. ये तो आने वाला समय ही बताएगा. 12 जनवरी को उप नगराध्यक्ष एवं पांच स्वीकृत नगरसेवकों के चुनाव की घोषणा के बाद सभी पक्ष के नेताओं में बैठकों का दौर शुरू हो गया है. रणनीति बनाई जा रही है. कुलगांव बदलापुर उप नगराध्यक्ष एवं पांच स्वीकृत नगरसेवकों का चुनाव 9 जनवरी को होगा.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास – मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## रेल में सोने की लूट

जब रक्षक ही भक्षक बन जाए, तो यह व्यवस्था में एक गहरी और चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। इससे आमजन में असुरक्षा, निराशा और अविश्वास की भावना पैदा होना स्वाभाविक है। अगर कानून व्यवस्था का जिम्मा संभालने वाले ही आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने लगें, तो सुरक्षा और न्याय की उम्मीद किससे की जाए! बिहार में एक ऐसी ही चौंका देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें करीब डेढ़ करोड़ रुपए के सोने की लूट की जांच कर रहा राजकीय रेलवे पुलिस का अधिकारी ही मामले में संलिप्त पाया गया।

इस बात का खुलासा तब हुआ, जब पटना रेलवे पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष जांच दल ने गहन तहकीकात की। हैरत की बात है कि जिस अधिकारी को रेल में सफर के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई थी, वही अपराधियों की जमात में खड़ा पाया गया। ऐसे में यह सवाल और भी महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि व्यवस्था में पनप रहे इस तरह के भ्रष्टाचार और अपराध के दरख्तों को खाद-पानी कहां से मिल रहा है?

गौरतलब है कि कोलकाता स्थित एक स्वर्ण कारोबारी के कर्मचारी ने बिहार के गया रेल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि गत वर्ष नवंबर में हावड़ा-बीकानेर एक्सप्रेस रेल में यात्रा के दौरान गया स्टेशन पर पुलिस वर्दी में चार लोग ट्रेन में सवार हुए। पहले उन्होंने सोने को लेकर उनसे पूछताछ की और बाद में वे एक किलो सोने के बिस्कुट लेकर फरार हो गए।

इसके बाद गया रेल थाना प्रभारी ने जांच शुरू की। जाहिर है कि जब लूट में शामिल पुलिस अधिकारी ही जांच कर रहा हो, तो सच सामने आने की उम्मीद कैसे की जा सकती है। भारतीय रेल आए दिन अलग-अलग बहाने से किराए में बढ़ोतरी करने या अधिक पैसे वसूलने में तो कोई संकोच नहीं करती, लेकिन यात्रियों के सुरक्षित और सुविधाजनक सफर को सुनिश्चित करने में शायद उसकी कोई रुचि नहीं है।

विडंबना यह है कि यात्रियों के सामने आपराधिक तत्त्वों के अलावा अब वैसे लोगों से भी खुद को बचाने की चुनौती है, जो उनकी सुरक्षा के लिए ही तैनात किए जाते हैं।

# विचार : विकसित भारत की राह के रोड़े



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नव वर्ष के आगमन के ठीक पहले पिछले वर्ष की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि देश अब रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो गया है। इसके उपरांत उन्होंने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित बहुआयामी मंच 'प्रगति' की बैठक में सड़क, रेलवे, बिजली, जल संसाधन और कोयला सहित विभिन्न क्षेत्रों की पांच महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं की समीक्षा की।

इस बैठक में उन्होंने देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सुधार, प्रभावी क्रियान्वयन और व्यापक परिवर्तन बेहद जरूरी बताए। प्रधानमंत्री ने 2025 में किए गए जिन महत्वपूर्ण सुधारों का उल्लेख किया था, उनमें जीएसटी में व्यापक बदलाव, बीमा क्षेत्र में सौ प्रतिशत विदेशी पूंजी निवेश को अनुमति, ग्रामीण रोजगार कानून मनेरगा में आमूलचूल परिवर्तन और श्रम संहिताओं को लागू करने और परमाणु ऊर्जा से जुड़े सुधारों का उल्लेख किया।

निःसंदेह जीएसटी में सुधार से आम आदमी को लाभ मिला है, लेकिन अन्य सुधारों का लाभ मिलने में समय लगेगा। मोदी सरकार विभिन्न क्षेत्रों में लगातार सुधार करने के साथ नई योजनाएं और कार्यक्रम शुरू करती रही है। इनके जरिये उसने सुशासन स्थापित करने की कोशिश की है ताकि जनता की समस्याओं का समाधान हो और देश तेजी के साथ आगे बढ़े।

इसमें संदेह नही कि प्रशासनिक कामकाज में सरकारी नियंत्रण कम होने और विभिन्न क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की भागीदारी से आम जनता को लाभ मिलता है, लेकिन यह भी सच है कि कोई भी देश सरकारी नियंत्रण के बिना नहीं चलता, लेकिन यह नियंत्रण एक सीमा तक ही होना चाहिए। अपने देश में सरकारी नियंत्रण कम करने की बातें तो बहुत होती हैं, लेकिन उनके अनुरूप कुछ ठोस होता हुआ नहीं दिखता और इसीलिए पश्चिमी देश अभी भी यह शिकायत करते हैं कि भारत में सरकारी नियंत्रण अधिक है।


वे इस नियंत्रण को सरकारी हस्तक्षेप के रूप में देखते हैं। इसी तरह विदेशी निवेशक भी कारोबारी सुगमता में तमाम सुधार होने के बाद भी भारत में काम करने में बाधाएं देखते हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियां यह शिकायत करती ही रहती हैं कि भारत में कोई उद्योग-व्यापार स्थापित करना अभी भी कठिन बना हुआ है, क्योंकि कदम-कदम पर सरकारी अनुमति की आवश्यकता पड़ती है।

मोदी सरकार की ओर से पिछले 11 सालों में उद्योग-व्यापार स्थापित और उन्हें संचालित करने में सरकारी दखल को कम करने के तमाम कदम उठाए जाने के बाद भी स्थितियां वैसी नहीं बन सकी हैं, जैसी बननी चाहिए। इस मामले में बात केवल केंद्र सरकार की ही नहीं, राज्य सरकारों की भी है। देश के सभी राज्यों का रवैया उद्योग एवं व्यापार के बहुत अनुकूल नहीं कहा जा सकता और इसीलिए विकसित भारत के लक्ष्य में बाधाएं खड़ी हुई दिखती हैं।

यह एक तथ्य है कि विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए देश में जैसी कारोबारी सुगमता होनी चाहिए, वैसी नहीं है। कारोबारी सुगमता केवल होनी ही नहीं चाहिए, बल्कि वह दिखनी भी चाहिए- खास तौर पर कारोबारियों को। इसी तरह सरकारी तंत्र को जन समस्याओं के समाधान में तत्पर दिखना चाहिए। अधिकांश मामले में इस तत्परता का अभाव ही दिखता है।

निःसंदेह यह आशा की जा रही है कि इस नए वर्ष में भी सुधारों का सिलसिला कायम रहेगा। जनता और उद्योग-व्यापार जगत उन क्षेत्रों में सुधार की खास तौर पर उम्मीद कर रहा है, जहां उनकी गति धीमी है। बतौर उदाहरण शहरी ढांचे को ठीक करने के लिए जैसे कदम उठाए जाने आवश्यक हो गए हैं, उनमें देरी नहीं की जानी चाहिए। इसलिए और भी, क्योंकि नगर निकायों के कामकाज में अपेक्षित सुधार न होने से शहरी नागरिकों की समस्याएं दूर होने का नाम नहीं ले रही हैं।

हमारे शहर आबादी के बोझ तले दब रहे हैं और उनका ढांचा चरमरा रहा है। बात चाहे सीपीडब्ल्यूडी की हो या पीडब्ल्यूडी की, वे ढंग की सड़कें भी नहीं बना पा रहे हैं। यही स्थिति नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले अन्य विभागों की भी है। उनकी ओर से किए जाने वाले कार्यों की गुणवत्ता ठीक नहीं हो पा रही है। उनके कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव भी व्याप्त है। यह तब है, जब सब जानते हैं कि शहर आर्थिक विकास के इंजन हैं।

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

अपने जीवन को प्रेम की मधुर धुन बनाइए!

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# जहां भविष्य संवरना था वहीं मौत मिली

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि कोई विद्यार्थी अपना भविष्य बेहतर बनाने के सपनों के साथ किसी कालेज में दाखिला ले और वहां परिचय के नाम पर होने वाली प्रताड़ना की वजह से उसकी जान चली जाए। उच्च शिक्षण संस्थानों में किसी भी तरह की रैगिंग के चलन पर पाबंदी है, लेकिन आज भी इसके बहाने अलग-अलग रूप में विद्यार्थियों को जानलेवा शक्ल में प्रताड़ित किए जाने की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। हिमाचल प्रदेश में एक छात्रा के साथ रैगिंग का जैसा मामला सामने आया है, उससे फिर यह सवाल उठा है कि किसी भी रूप में इस चलन का जारी रहना शिक्षा से लेकर समाज तक के कितने हित में है। साथ ही, तमाम सख्ती के बावजूद आज भी इस पर रोक क्यों नहीं लग सकी है?

गौरतलब है कि धर्मशाला स्थित एक कालेज की तीन छात्राओं के खिलाफ रैगिंग और मारपीट, जबकि एक प्रोफेसर के विरुद्ध पीड़ित छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। दर्ज मामले के मुताबिक, बीते 18 सितंबर को पिटाई और प्रताड़ना की वजह से पीड़ित छात्रा की हालत बिगड़ गई और इलाज के दौरान 26 दिसंबर को उसकी मौत हो गई।

इस घटना में शर्मनाक यह भी है कि कालेज के जिस प्राध्यापक को उत्पीड़न की घटना को रोकना चाहिए था, वह खुद भी छात्रा को प्रताड़ित करने में शामिल हो गया। इस घटना में संस्थान भी कठघरे में है, क्योंकि वहां का प्रबंधन रैगिंग के नाम पर होने वाली ऐसी हरकतों पर लगाम लगाने में नाकाम रहा।

हिमाचल प्रदेश में यह कोई पहली घटना नहीं है, जिसमें किसी विद्यार्थी को




रैगिंग की वजह से जानलेवा हद तक यातना दी गई। करीब डेढ़ दशक पहले राज्य में कांगड़ा के एक कालेज में मेडिकल पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के छात्र अमन काचरू के साथ वहीं के चार वरिष्ठ छात्रों ने रैगिंग के दौरान मारपीट की थी, जिसके बाद उसकी जान चली गई थी।

ऐसी कई घटनाओं के जैसे त्रासद नतीजे सामने आए, उससे एक व्यापक बहस खड़ी हुई कि उच्च शिक्षण संस्थानों में नवागंतुक विद्यार्थियों की रैगिंग को क्यों नहीं तुरंत खत्म किया जाना चाहिए। इसी क्रम में कानून के तहत शिक्षण संस्थानों में रैगिंग पर प्रतिबंध लगाए गए और खुद सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि अगर शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की किसी भी तरह की कोई घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी संस्थान के प्रमुख पर होगी।

यह समझना मुश्किल है कि कालेज में कुछ वरिष्ठ कहे जाने वाले विद्यार्थियों के भीतर नए विद्यार्थी को किसी भी रूप में प्रताड़ित करने के मानसिक ढांचे के स्रोत क्या हैं! क्या इसके पीछे किसी नवागंतुक विद्यार्थी के मनोबल को तोड़ देने की मंशा काम करती है?

आपसी परिचय या सहजता के नाम पर किसी विद्यार्थी को इस हद तक प्रताड़ित करना कि वह उसके लिए जानलेवा साबित हो, क्या एक सामंती कुंठा का परिचायक नहीं है? अगर परिचय के नाम पर यातना देने के चलन को आपस में सहज होने के लिए सिर्फ मनोविनोद के रूप में देखा-जाना जाता है, तो क्या यह एक आपराधिक तरीका नहीं है, जिसमें कालेज में आए एक नए विद्यार्थी के मन पर गहरी चोट पहुंचती है, वह खुद को अपमानित महसूस करता है, उसकी पढ़ाई बाधित हो सकती है?


इस क्रम में शारीरिक और मानसिक यातना दिए जाने की वजह से किसी विद्यार्थी की जान जाने की घटनाएं अक्सर व्यापक चिंता का कारण बनती रही हैं और इस पर हर हाल में रोक लगनी चाहिए।

# फ्लाइट में कौन सी सीटें होती हैं बेहतर?

**जरा हट के**

फ्लाइट पर यात्रा करने वाले लोगों को हमेशा इस बात की चिंता होती है कि उन्हें उनकी मनपसंद सीट मिलेगी या नहीं. कई बार सीटों लेकर लोगों को काफी दिमाग लगाना पड़ता है. मगर एक फ्लाइट अटेंडेंट ने बताया है कि लोगों को कौन सी सीटें चुननी चाहिए और कौन सी सीटें विमान में बेहतर होती हैं.

लंबी दूरी की उड़ानें अक्सर यात्रियों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित होती हैं, खासकर तब जब 10-12 घंटे से ज्यादा समय तक इकोनॉमी क्लास में सफर करना हो. तंग सीटें, लिमिटेड लेगरूम, शोर और ठंड, ये सभी बातें सफर को थकान भरा बना देती हैं. हालांकि, सही सीट का चुनाव और कुछ छोटे-छोटे उपाय इस अनुभव को काफी हद तक बेहतर बना सकते हैं. इसी को ध्यान में रखते हुए मेडिकल ट्रैवल इंश्योरेंस कंपनी ऑलक्लियर (AllClear) ने वर्जिन अटलांटिक की एक



अनुभवी केबिन क्रू मेंबर के साथ मिलकर इकोनॉमी क्लास में आरामदायक सफर के लिए अहम टिप्स साझा किए हैं.

पांच साल से अधिक का उड़ान अनुभव रखने वाली इस फ्लाइट अटेंडेंट ने बताया कि कई यात्री आमतौर पर बल्कहेड सीट, इमरजेंसी एग्जिट रो या टॉयलेट के पास की सीटें चुनते हैं, लेकिन वे खुद इन सीटों से बचना पसंद करती हैं. उनके अनुसार, विंग्स के पास वाली पहली रो काफी असुविधाजनक हो सकती है. उन्होंने बताया कि इस जगह पर टॉयलेट के आसपास यात्रियों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे शोर बढ़ता है. इसके अलावा, बल्कहेड सीटों के पास अक्सर बच्चों के पालने लगाए जाते हैं, जिससे रोने की आवाजें सुनाई दे सकती हैं. इमरजेंसी एग्जिट रो को अतिरिक्त लेगरूम के कारण काफी लोकप्रिय माना जाता है, लेकिन इसके भी कुछ नुकसान हैं. केबिन क्रू मेंबर के अनुसार, पुराने विमानों में इमरजेंसी एग्जिट सीटों के पास ठंड ज्यादा महसूस होती है. अगर आप ठंड के प्रति संवेदनशील हैं, तो ये सीटें आपके लिए परेशानी का कारण बन सकती हैं. हालांकि, अगर कोई यात्री फिर भी यहां बैठना चाहता है, तो फ्लाइट अटेंडेंट कुछ जरूरी चीजें साथ रखने की सलाह देती हैं. उन्होंने सुझाव दिया कि लंबी उड़ान के दौरान आराम के लिए अतिरिक्त मोजे, गर्म कपड़े और यहां तक कि हॉट वॉटर बॉटल भी साथ लाई जा सकती है.

# टेस्टी लेमन राइस

**खाना-खजाना**

सोचिए, आपके सामने खाने की थाली है, लेकिन वही पुराने सफेद चावल देखकर आपकी भूख मर गई है या फिर फ्रिज का दरवाजा खोलते ही रात के बचे हुए ठंडे चावल आपको चिढ़ा रहे हैं। ऐसे में, हर किसी के मन में सवाल उठता है कि क्या करें... उन्हें फेंक दें या बेमन से खा लें? बता दें, कुछ खास ट्रिक्स से आप उन बोरिंग चावलों को 'सुपर टेस्टी' बना सकते हैं। आज हम आपकी रसोई में साउथ इंडिया का वो जादू लेकर आए हैं, जो फीके चावलों में जान डाल देगा। जी हां, हम बात कर रहे हैं लेमन राइस की। नींबू की खटास, हरी मिर्च का तीखापन और मूंगफली का कुरकुरा स्वाद– यह डिश इतनी लाजवाब है कि पेट भर जाएगा, लेकिन मन नहीं।



**सामग्री :**

- उबले हुए चावलः 2 कटोरी (बचे हुए चावल हों तो सबसे बढ़िया)
- नींबू का रसः 2 बड़े चम्मच
- मूंगफली के दानेः एक मुट्ठी (भुने हुए)
- तड़काः राई (सरसों के दाने), कढ़ी पत्ता, और हरी मिर्च
- हल्दीः आधा छोटा चम्मच (सुंदर पीले रंग के लिए)
- नमकः स्वादानुसार
- तेल या घीः 2 चम्मच

**विधि :**

सबसे पहले एक कड़ाही में तेल गरम करें। इसमें राई डालें, जब राई चटकने लगे तो कढ़ी पत्ता और हरी मिर्च डाल दें। अब इसमें मूंगफली डालें और हल्का सुनहरा होने तक भूनें। ध्यान रहे, मूंगफली का कुरकुरापन इस डिश की जान है। गैस की आंच धीमी करें और हल्दी डालें। ध्यान रहे, हल्दी जलनी नहीं चाहिए, बस हल्का सा रंग छोड़ना चाहिए। अब इसमें उबले हुए चावल और नमक डालें। इसे बहुत हल्के हाथों से मिलाएं ताकि चावल के दाने टूटे नहीं। बस फिर गैस बंद कर दें। अंत में ऊपर से नींबू का रस डालें और अच्छे से मिला लें। गैस बंद करके नींबू डालने से उसका स्वाद कड़वा नहीं होता। अगर आप इसे और भी ज्यादा स्वादिष्ट बनाना चाहते हैं, तो तड़के में थोड़े से काजू भी डाल सकते हैं। इसे पापड़ या दही के साथ परोसें, खाने वाले उंगलियां चाटते रह जाएंगे।

# बोर्ड एग्जाम के लिए बच्चों को करें तैयार

बोर्ड परीक्षा का समय तनाव वाला होता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि माता-पिता भी तनाव देने का काम करें। बच्चे को महसूस कराएं कि उसके मुश्किल समय में आप उसके साथ हैं। समय-समय पर उससे बात करें, उसकी तैयारी का तरीका जानें और पूछें कि उसे कोई समस्या तो नहीं आ रही। हां, सजग रहें कि बच्चे पूरी तरह आप पर ही निर्भर न हो जाएं। उनसे पूछें कि किस विषय में उन्हें डर लग रहा है और आप उसमें क्या मदद कर सकते हैं। जब बच्चा एक टारगेट पूरा कर ले, तो उसकी छोटी सी तारीफ करें। जितना आप उन पर विश्वास दिखाते हुए बात करेंगे, उतना ही वे आपसे जुड़कर परेशानियां साझा करते हैं।



### टाइम-टेबल का सही तरीका

कई बार होता है कि बच्चे पढ़ाई का टाइम-टेबल तो बना लेते हैं, मगर एक-दो दिन के बाद ही इसके हिसाब से पढ़ाई नहीं हो पाती। बेहतर होगा बच्चों के साथ बैठकर उन्हें यह बात समझाएं कि किस तरह संतुलित टाइम-टेबल बनाया जाए। सालभर की तैयारी तो काम आती ही है, लेकिन अगर बच्चे को किसी विषय में मुश्किल आ रही है तो उस पर थोड़ी ज्यादा मेहनत और समय देकर कवर किया जा सकता है।

इसमें छोटे-छोटे टापिक पहले कवर करें, यह बच्चे में विषय को लेकर आत्मविश्वास पैदा करेगा। हर दिन पढ़ाई की शुरुआत उसी मुश्किल विषय से करें ताकि दिमाग पूरी ऊर्जा के साथ विषय को समझ ले। इस तरह आसान और मुश्किल विषयों का सही संतुलन बनाकर टाइम-टेबल तैयार करें। प्रश्नों के छोटे-छोटे प्वाइंट बनाकर पढ़ाई करने की सलाह दें। हर दूसरे-तीसरे दिन अब तक की पढ़ाई को रिवाइज करने के लिए भी कहें। यह तरीका लांग टर्म मेमोरी में चैप्टर याद रखने में सहायक होता है।

### सेहत का रखें खास ध्यान

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग वास करता है। पढ़ाई के दबाव में अक्सर बच्चे खान-पान और नींद को नजरअंदाज कर देते हैं। बच्चों को जंक फूड से दूर रखें। उनके आहार में नट्स (बादाम, अखरोट), ताजे फल, हरी सब्जियां और दालें शामिल करें। सुनिश्चित करें कि बच्चा दिनभर पर्याप्त पानी पिए। डिहाइड्रेशन से थकान और सुस्ती महसूस होती है। इस दौरान नींद से समझौता नहीं करना चाहिए।

याददाश्त और एकाग्रता के लिए 7-8 घंटे की नींद अनिवार्य है। देर रात तक जागने के बजाय सुबह जल्दी उठकर पढ़ने की आदत बेहतर होती है। लगातार बैठने से चिड़चिड़ापन बढ़ता है। कई बार बच्चे दिमाग को बहुत ज्यादा थका देने के बाद ही सोने जाते हैं। यह गलत तरीका है। अगर रोज रात को 10 बजे सोने की आदत है, तो तैयारी के दौरान इससे छेड़छाड़ न करें। हां, अगर बच्चों में पावरनैप लेने की आदत है, तो यह भी बहुत सहायक होती है।

### वरदान न बने परेशानी

फोन जितना डिस्ट्रैक्ट आपको अपने काम के बीच में करता है, पढ़ाई में बच्चे भी इससे बच नहीं पाते। इसलिए पढ़ाई के दौरान फोन दूर रखने, तैयारी के बीच फोन का नियंत्रित इस्तेमाल करने जैसी बातों पर जितनी जल्दी हो सके, बच्चों से बात करें। 'डिजिटल डिटाक्स' और 'स्मार्ट यूजेज' के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। कम से कम एक घंटा लगातार पढ़ने की आदत डालने को कहें। इसके बाद अगर बच्चे फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो यह ब्रेक सिर्फ 10-15 मिनट का हो। फोन इस्तेमाल करते हुए समय का पता नहीं चल पाता। ऐसे में आप उन्हें स्वयं क्विक रिमांइडर दें कि 15 मिनट का ब्रेक पूरा हुआ।

## आज का राशिफल

**मेष** : सुख के साधन जुटेंगे। कानूनी बाधा दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। कुसंगति से बचें। परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है। संतान की रोजी-रोटी की चिंता समाप्त होने के योग हैं। व्यापार अच्छा चलेगा।

**वृषभ** : शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। विवाद न करें। उतावली में कोई काम न करें। पुरानी संपत्ति के रख-रखाव पर धन खर्च हो सकता है। सामाजिक, धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई की चिंता रहेगी।

**मिथुन** : विवाद से क्लेश होगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक करेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव लाभकारी रहेंगे। सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं। आवास संबंधी समस्या हल होने के योग हैं।

**कर्क** : शत्रु सक्रिय रहेंगे। घर-बाहर तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। संपत्ति के कार्य लाभप्रद रहेंगे। भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें। अधिकारी आपकी कार्यशैली से नाराज हो सकते हैं। परिश्रम के अनुरूप सफलता नहीं मिलेगी। संतान की इच्छा पूरी होगी।

**सिंह** : यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी सफल रहेंगे। धनार्जन होगा। पूंजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें। आत्मविश्वास बना रहेगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें।

**कन्या** : दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। भागदौड़ रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। काम का बोझ कम करने के लिए जिम्मेदारियों को बाँटना आवश्यक है। आर्थिक कामों में परेशानी आने की संभावना है। दूसरों के काम में व्यर्थ मीन-मेख न निकालें।

**तुला** : प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यस्तता रहेगी। प्रसन्नता बढ़ेगी। कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना रहेगी। विवेक से निर्णय करने पर लाभ एवं सफलता प्राप्त हो सकेगी। नए कार्य का आरंभ लाभदायी रहेगा।

**वृश्चिक** : लेन-देन में सावधानी रखें। मेहमानों का आगमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा। रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। प्रसन्नतावर्धक समाचार मिलेंगे। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**धनु** : कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे। अपने व्यसनों पर काबू रखना चाहिए। विवाह संबंधी प्रस्ताव आएँगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** : कोई मुसीबत आ सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। फालतू खर्च होगा। जोखिम न उठाएं। व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी। पुरानी झंझटों से राहत रह पाएगी। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखना होगा। व्यस्तता रहेगी।

**कुंभ** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। धनार्जन होगा। घर की चिंता रहेगी। विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे। कला के क्षेत्र में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं। सरकारी राज्यपक्ष के कामों में पर्याप्त सावधानी रखें। मित्रों से मदद मिलेगी।

**मीन** : शत्रु परास्त होंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। नए अनुबंध हो सकते हैं। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। साझेदारी में शुरू किया गया कार्य लाभ के अवसरों को बढ़ा सकता है। स्थायी संपत्ति खरीदने का मन बनेगा। दांपत्य जीवन में विश्वास बढ़ेगा। कामकाज की गति बनी रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# खाने के तुरंत बाद आती है खांसी

क्या आपने कभी गौर किया है कि भरपेट खाना खाने के बाद अचानक आपको खांसी आने लगती है या ऐसा लगता है कि गले में कुछ अटक गया है और वो ठीक ही नहीं हो रहा? अक्सर हम इसे मौसम का बदलाव, सर्दी-जुकाम या गले का इन्फेक्शन समझकर कफ सिरप पीने लगते हैं, लेकिन अगर यह समस्या बार-बार हो रही है, तो सावधान हो जाइए। गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, डॉ. जोसेफ सालहब ने एक इंस्टाग्राम रील के जरिए खुलासा किया है कि यह खांसी आपके फेफड़ों या गले की बीमारी नहीं, बल्कि आपके पेट की एक छिपी हुई समस्या का संकेत हो सकती है।



डॉ. सालहब बताते हैं कि लगातार रहने वाली खांसी, बार-बार गला साफ करने की आदत, या गले में कुछ फंसा हुआ महसूस होना हमेशा सांस से जुड़ी बीमारी नहीं होती। कई मामलों में, यह लैरींगोफेरीन्जियल रिफ्लक्स या LPR का संकेत हो सकता है।

यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें पेट का एसिड ऊपर की ओर आकर आपके गले और वॉयस बॉक्स तक पहुंच जाता है। यह जलन पैदा करता है और आपको लगता है कि आपका गला खराब हो रहा है, जबकि असल में यह पाचन तंत्र की समस्या है।

### क्यों होता है ऐसा?

डॉ. सालहब ने बताया कि जब पेट से एसिड और पेप्सिन (एक तरह का पाचक रस) भोजन नली के जरिए ऊपर चढ़कर आपके वॉयस बॉक्स से टकराते हैं, तो वहां जलन होती है। हमारा वॉयस बॉक्स बहुत सेंसिटिव होता है। इसी जलन की वजह से आपको खाना खाने के बाद खांसी आती है, आवाज भारी हो सकती है या गला बार-बार साफ करने का मन करता है। मजे की बात यह है कि इस स्थिति में कई बार आपको सीने में जलन के सामान्य लक्षण महसूस ही नहीं होते। यही कारण है कि एसिड रिफ्लक्स की आम दवाएं कई बार इस समस्या पर असर नहीं करतीं।

### कैसे करें बचाव?

डॉ. सालहब के मुताबिक, इसका मुख्य इलाज गले की जलन को कम करना और रिफ्लक्स को रोकना है। इसके लिए आप अपनी डाइट में कुछ बदलाव कर सकते हैं:

**इन चीजों से बचें:** कॉफी, शराब, मसालेदार खाना, चॉकलेट, मिंट (पुदीना) और ज्यादा एसिड वाली चीजें।

**देर रात खाने से बचें:** सोने से ठीक पहले खाना न खाएं।

अगर इन बदलावों के बाद भी आपकी खांसी या गले की समस्या ठीक नहीं होती है, तो डॉ. सालहब सलाह देते हैं कि आपको तुरंत किसी गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट या ईएनटी विशेषज्ञ से जांच करवानी चाहिए।

# दादी-नानी के नुस्खे से जोड़ों का दर्द होगा छूमंतर

ठंड का मौसम आते ही जोड़ों का दर्द, मांसपेशियों की अकड़न और कमर-घुटनों की समस्या कई लोगों के लिए परेशानी का कारण बन जाती है. खासतौर पर बुजुर्गों को इस मौसम में उठना-बैठना तक मुश्किल हो जाता है. बघेलखंड निवासी उर्मिला मिश्रा बताती हैं कि पुराने समय में जब आधुनिक दवाइयां आसानी से उपलब्ध नहीं थीं, तब लोग इसी देसी तेल के सहारे अपने जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द का इलाज करते थे. उनका कहना है कि हाथ-पैर, कमर, घुटनों और कंधों में होने वाली जकड़न के लिए यह तेल बेहद असरदार माना जाता है. खास बात यह है कि यह नुस्खा पूरी तरह प्राकृतिक है और इसके लिए इस्तेमाल होने वाली सामग्री लगभग हर घर में मिल जाती है.

### ऐसे तैयार करें औषधीय तेल

इस घरेलू बघेलखंडी ऑयल को बनाना भी बेहद आसान है. इसके लिए सबसे पहले लहसुन की कुछ कलियां लें और उन्हें अच्छे से कूट लें. इसके बाद कलौंजी और मेथी के दानों को तैयार रखें. अब इन तीनों चीजों को सरसों के तेल में डालकर अच्छी तरह मिला लें. इस मिश्रण को एक फ्राई पैन में डालकर धीमी आंच पर गरम करें. लगभग पांच मिनट तक हल्की आंच पर तेल को गर्म किया करें ताकि लहसुन, कलौंजी और मेथी का रस पूरी तरह से तेल में मिल जाए. जब तेल का रंग और खुशबू बदलने लगे, तो समझिए कि आपका देसी औषधीय तेल तैयार है.

### इस्तेमाल का तरीका और फायदे

इस तेल को दिन में दो बार दर्द वाली जगह पर हल्के हाथों से मालिश करने की सलाह दी जाती है. स्थानीय लोगों का दावा है कि इसकी पहली मालिश से ही आराम महसूस होने लगता है और 4 से 5 दिनों के नियमित उपयोग से दर्द काफी हद तक खत्म हो जाता है. सरसों का तेल शरीर में गर्माहट बनाए रखता है, वहीं लहसुन सूजन कम करने में मदद करता है. कलौंजी और मेथी मांसपेशियों को मजबूत करने और अकड़न दूर करने के लिए जानी जाती हैं.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# 5 जनवरी से मिलेंगे गणतंत्र दिवस परेड के टिकट

■ कीमत 20 से 100 रुपए

■ पहली बार दो कूबड़ वाले ऊंट समेत कई जानवर कर्तव्य पथ पर चलेंगे

**नई दिल्ली.** रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को होने वाली परेड के लिए टिकटों की बिक्री का ऐलान कर दिया है। एक बयान के मुताबिक 77वें गणतंत्र दिवस की मुख्य परेड, बीटिंग रिट्रीट की फुल ड्रेस रिहर्सल और मुख्य बीटिंग रिट्रीट समारोह के टिकटों की बिक्री 5 जनवरी से शुरू होगी। बिक्री 14 जनवरी तक जारी रहेगी। टिकट रोज सुबह 9 बजे से तब तक खरीदे जा सकते हैं जब तक आवंटित कोटा खत्म नहीं हो जाता। टिकटों की कीमत 20 से 100 रुपए है।

बीटिंग रिट्रीट की फुल ड्रेस रिहर्सल के लिए टिकट 20 रुपए हैं जबकि बीटिंग रिट्रीट समारोह के लिए टिकटों की कीमत 100 रुपए है। टिकट aamantran.mod.gov.in के जरिए खरीदे जा सकते हैं। इधर, कर्तव्य पथ पर पहली बार सेना की रिमाउंट एंड वेटरनरी विंग के जानवर परेड में शामिल होंगे। इनमें 2 बैक्ट्रियन ऊंट, 4 जास्कर टट्टू, 4 शिकारी पक्षी और 10 मिलिट्री डॉग शामिल हैं।



### ऑफलाइन टिकट 6 काउंटर पर उपलब्ध होंगे

■ ऑनलाइन टिकट के अलावा परेड के ऑफलाइन टिकट भी 5 जनवरी से 14 जनवरी तक सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और फिर दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक छह काउंटर पर मिलेंगे।

■ ये काउंटर सेना भवन (गेट नंबर 5 के पास), शास्त्री भवन (गेट नंबर 3 के पास), जंतर मंतर (मुख्य गेट), संसद भवन (रिसेप्शन), राजीव चौक मेट्रो स्टेशन (डी ब्लॉक, गेट नंबर 3 और 4 के पास) और कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन (कॉनकोर्स लेवल, गेट नंबर 8 के पास) बनाए गए हैं। इसके अलावा, ऑफलाइन काउंटरों पर मूल फोटो आईडी जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, या केंद्र या राज्य सरकार से जारी आईडी कार्ड दिखाने पर ऑफलाइन टिकट उपलब्ध होंगे। तीनों कार्यक्रमों में सेम फोटो आईडी दिखानी होगी।

## खबरें गांव की...

### मोबाइल देना पड़ा भारी, प्रेम प्रसंग के शक में रिश्तेदारों ने युवक को पीट-पीटकर मार डाला

**बदायूं.** यूपी के बदायूं से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां उसहैत क्षेत्र में एक युवक की उसके ही ममेरे भाई व उसके परिवार के लोगों ने लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी। चर्चा है कि युवक फुफेरी भतीजी को मोबाइल दे रहा था, तभी परिवार के लोगों ने देख लिया और उसकी पिटाई कर दी। मामला हजरतपुर थाना क्षेत्र के घसनगला गांव का है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के रहीमुद्दीन नगर के रहने वाले कमल किशोर लोधी 19 पुत्र पन्नालाल शुक्रवार को अपनी बुआ के घर गया था। आरोप है कि शनिवार की शाम उसके फुफेरे भाई और उसके परिवार के लोगों ने उसकी लाठी-डंडों से पीटकर अधमरा कर दिया था। गंभीर हालत में परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### वाराणसी में एनकाउंटर; एक लाख के इनामी को गोली मारकर दबोचा

**वाराणसी.** वाराणसी में कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम की हत्या में शामिल शूटर से पुलिस का एनकाउंटर हुआ है। शूटर के पैर में गोली मारकर उसे दबोच लिया गया है। सारनाथ की अरिहंत नगर कॉलोनी फेज-2 में पिछले साल 21 अगस्त को कालोनाइजर की हत्या हुई थी। दबोचे गए शूटर पर एक लाख का इनाम घोषित किया गया था। डीसीपी वरुणा जोन प्रमोद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शूटर गाजीपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र के सिमराफेज गांव निवासी अरविंद यादव उर्फ फौजी उर्फ कल्लू है।

### गैंगरेप के तीन आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**सोनभद्र.** सोनभद्र में पुलिस ने शनिवार की रात बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान गैंगरेप के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक आरोपी को पैर में गोली लगी, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। 30 दिसंबर को आरोपियों ने दलित किशोरी के साथ गैंगरेप किया था। शनिवार की रात को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बिल्ली मारकुंडी खदान क्षेत्र में घेराबंदी की। पुलिस ने दो आरोपी पप्पू उर्फ बिन्दू यादव पुत्र रवि यादव निवासी कनहरा ओबरा एवं अर्जुन डोम पुत्र स्व नन्हक डोम निवासी भलुआ टोला मलिन बस्ती थाना ओबरा को मौके से गिरफ्तार कर लिया। तीसरा आरोपी करन डोम पुत्र चन्द्रमही डोम निवासी सेक्टर-10 लंका कॉलोनी ओबरा ने भागने का प्रयास करते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग की। इस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ में की गई जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया।

### सोना-बाबू में फंस गया चांदी कारोबारी, युवती के चक्कर में गंवाए 55 लाख रुपये

**कानपुर.** युवती की मीठी-मीठी बातों में फंसकर (हनीट्रैप) कानपुर के चांदी कारोबारी ने 55 लाख गंवा दिए। युवती ने भरोसे में लेकर कारोबारी को कैलिफोर्निया की कंपनी का काम दिलाने और निवेश पर कई गुना मुनाफे का झांसा देकर रुपये ट्रांसफर कराए। रुपये मांगने पर कारोबारी को ठगी का एहसास हुआ। उन्होंने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। साइबर सेल के मुताबिक ठगी कैलिफोर्निया से की गई है। वहां का आईपी एड्रेस मिला है। चकेरी निवासी कारोबारी का आरोप है कि WISH-E-Commerce नामक कैलिफोर्निया (यूएसए) की कंपनी में निवेश और अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर उनसे लगभग 55 लाख रुपये से अधिक की रकम अलग-अलग खातों के माध्यम से ली गई। पीड़ित के अनुसार नए वर्ष में ऑर्डर पिकअप का काम शुरू कराने के नाम पर उनसे चार नवंबर 2025 से लगातार भुगतान कराया गया।

मुंबई में AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी बोले

# मोदी जी आतंकियों को उठाकर भारत लाओ



■ ट्रम्प वेनेजुएलाई राष्ट्रपति को गिरफ्तार कर सकता है तो आप क्यों नहीं?

**मुंबई.** AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को कहा कि हमने देखा कि वेनेजुएला में ट्रम्प अपनी फौज को भेजकर वहां के राष्ट्रपति को उठाकर अमेरिका ले गए। ऐसा ही कुछ भारत भी कर सकता है।

ओवैसी ने पीएम नरेंद्र मोदी का नाम लेकर कहा कि मोदी जी हम आपको कह रहे हैं कि 26/11 आतंकी हमले करने वाले चाहें वो मसूद अजहर हों या लश्कर-ए-तैयबा का जालिम शैतान। आपका (मोदी) 56 इंच का सीना हो तो उन्हें उठाकर भारत ले आओ।

अगर ट्रम्प कर सकता है तो क्या आप कम हैं? जब वो कर सकते हैं तो आपको भी करना पड़ेगा, क्योंकि मोदी ने कहा था अबकी बार ट्रम्प सरकार।

ओवैसी ने ये बातें मुंबई में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। AIMIM चीफ ने अपने बयान में वेनेजुएला का जिक्र इसलिए किया क्योंकि 2 जनवरी की रात अमेरिकी सैनिकों ने वेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को पकड़ लिया।

# अब गांधीनगर में 100 लोग अस्पताल में भर्ती

■ पानी के सेंपल लिए

**गांधीनगर.** इंदौर के बाद अब गुजरात के गांधीनगर के कई इलाकों में प्रशासन ने लोगों को पानी उबालकर पीने और साफ-सफाई बरतने की सलाह दी है। बताया जाता है कि टाइफाइड के चलते 104 संदिग्ध मरीजों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य जांच में पता चला है कि प्रभावित क्षेत्रों का पीने का पानी असुरक्षित है जिसके बाद नगर निगम ने घर-घर सर्वेक्षण और क्लोरीन की गोलियां बांटना शुरू कर दिया है। खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। मरीजों के इलाज के लिए 22 डॉक्टरों की टीम तैनात की गई है। प्रशासन ने लोगों को पानी उबालकर पीने और साफ-सफाई बरतने की सलाह दी है।



■ 104 मरीज भर्ती

पीटीआई-भाषा की रिपोर्ट के मुताबिक, गांधीनगर में बड़े पैमाने पर टाइफाइड के मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों समेत 104 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीते 3 दिनों में सिविल अस्पताल में टाइफाइड के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। बाल चिकित्सा वार्ड में 104 मरीजों को भर्ती कराया गया है। खुद उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने शनिवार को गांधीनगर सिविल अस्पताल में हालात की समीक्षा की।

■ 22 डॉक्टरों की टीम

हर्ष संघवी ने बताया कि अस्पताल में स्थिति का जायजा लेने के लिए उप जिलाधिकारी समेत वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। भर्ती मरीजों के परिवारों के लिए भोजन और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था कर दी गई है। मरीजों के इलाज के लिए 22 डॉक्टरों की एक टीम गठित की गई है।

■ पानी के नमूने लिए

वहीं सिविल अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मीता पारिख ने बताया कि गांधीनगर के सेक्टर 24, 25, 26 और 28 के साथ-साथ आदिवाड़ा क्षेत्र से बच्चों सहित कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोगों की हालत स्थिर है। इन क्षेत्रों से पानी के सेंपल जमा किए गए हैं। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पीने का पानी सुरक्षित नहीं है।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक की हत्या

**विदिशा.** विदिशा की इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में शनिवार रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरोपियों ने नंदू उर्फ शुभम चौबे (22) को चाकू से गोद डाला। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। वारदात के बाद आसपास मौजूद लोगों ने शुभम को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शुभम एयर कंडिशनर सुधारने का काम करता था।

पुलिस के मुताबिक नंदू चौबे करैया खेड़ा रोड निवासी चुन्नी और उसके साथियों को एक युवती से छेड़छाड़ करने से रोका था। मामला थाने तक नहीं पहुंचा था। शनिवार रात करीब 8 बजे चुन्नी अपने साथियों के साथ बाइक से इंद्रप्रस्थ कॉलोनी पहुंचा और शुभम को बाहर बुलाया और वारदात को अंजाम दिया।

# वेनेजुएला के बाद अब इस देश का नंबर?

■ डोनाल्ड ट्रंप ने दी सीधी धमकी

■ हालात बिगड़ने की आशंका



कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप से चेतावनी मिली है, जिसमें कहा गया कि वे अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन के बाद न्यूयॉर्क लाने के बीच यह बयान आया। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, 'वह कोकेन बना रहे हैं और उन्हें अमेरिका भेज रहे हैं, इसलिए उन्हें अपनी सुरक्षा का ध्यान रखना होगा।' अपने सबसे करीबी सहयोगी मादुरो का नाम लिए बिना पेट्रो ने अमेरिकी कार्रवाई को लैटिन अमेरिका की संप्रभुता पर हमला बताया है। उन्होंने कहा कि इससे मानवीय संकट पैदा होगा।

डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कैरिबियन में ड्रग तस्करी जहाजों से लड़ने के लिए सैन्य तैनाती के गुस्तावो पेट्रो आलोचक रहे हैं। ट्रंप ने बीते दिनों कहा था कि वे कोलंबिया में ड्रग बनाने वाली प्रयोगशालाओं पर हमला करने से इनकार नहीं करेंगे, जिसे पेट्रो ने आक्रमण की धमकी बताया था। मालूम हो कि ट्रंप और पेट्रो के बीच गहरा तनाव मुख्य रूप से ड्रग तस्करी, प्रवासन और क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर है। 2025 में इस तनाव की शुरुआत निर्वासित कोलंबियाई प्रवासियों को वापस लेने से इनकार करने पर हुई, जब पेट्रो ने अमेरिकी सैन्य विमानों को उतरने से रोका था।

### पेट्रो को बताया था ड्रग लीडर


रिपोर्ट के मुताबिक, ड्रग्स के मुद्दे पर डोनाल्ड ट्रंप ने कोलंबिया पर कड़ी कार्रवाई भी की है। इसके तहत, सहायता रोकी गई और पेट्रो को ड्रग लीडर तक कहा था। अब अमेरिका की वेनेजुएला में सैन्य कार्रवाई के बाद तनाव चरम पर पहुंच गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ड्रग कार्टेल और प्रवासन पर कठोर रुख अपनाते रहे हैं, जबकि पेट्रो संप्रभुता और मानवीय अधिकारों पर जोर देते हैं।

# ओडिशा के ढेंकनाल में पत्थर की खदान में चट्टान गिरी

■ 2 मजदूरों की मौत, कई अब भी फंसे

■ ड्रिलिंग करते वक्त हुआ हादसा

**ढेंकनाल.** ओडिशा के ढेंकनाल जिले में एक पत्थर की खदान में चट्टानों का एक बड़ा हिस्सा गिर गया। पुलिस के मुताबिक हादसा शनिवार शाम को हुआ, जब गोपालपुर गांव के पास बनी खदान में कुछ मजदूर ड्रिलिंग और पत्थर निकालने का काम कर रहे थे। लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे में 2 मजदूरों की मौत हो गई है। जबकि कुछ अभी भी फंसे हुए हैं।



रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे फायर सर्विस अधिकारी ने बताया कि फायर सर्विस टीमें, ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स (ODRAF) की टीमें, डॉग स्क्वाड और बचाव अभियान में लगी मशीनों को इलाके में भेजा गया है।

रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि खदान के पास विस्फोट करने की परमिशन नहीं थी। जिला खनन कार्यालय ने 8 सितंबर 2025 को पट्टाधारक को नोटिस जारी कर खदान बंद करने का निर्देश दिया था।

ढेंकनाल कलेक्टर आशीष ईश्वर पाटिल ने बताया कि अब तक दो शव बरामद किए गए हैं। बचाव अभियान रविवार सुबह 7 बजे शुरू हुआ जो अभी भी जारी है। मरने वालों में से एक बालासोर का और दूसरा मयूरभंज या क्योंझर का हो सकता है। अभी तक पूरी पहचान की पुष्टि नहीं हो पाई है।

# नेहा सिंह रात 9 बजे लखनऊ में कोतवाली पहुंचीं

■ दिन ढलने के कारण पुलिस ने लौटाया

■ गाना गाया था- चौकीदरवा कायर बा

**लखनऊ.** लोक गायिका नेहा सिंह राठौर शनिवार रात 9 बजे लखनऊ के हजरतगंज कोतवाली बयान दर्ज कराने पहुंचीं। यहां करीब 2 घंटे रहीं, लेकिन पुलिस ने बिना बयान लिए ही उन्हें लौटा दिया। घर जाते समय नेहा ने कहा- पुलिस ने बताया है कि किसी महिला का बयान रात में दर्ज नहीं कर सकते। ऐसे में उन्हें फिर से नोटिस देकर बुलाया जाएगा। जब भी नोटिस दिया जाएगा, तो हम बयान दर्ज कराने आएंगे। इससे पहले खबर आई थी कि बयान दर्ज कराने आईं नेहा सिंह राठौर को हिरासत में लिया गया है।



पहलगाम आतंकी हमले के बाद सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा था- चौकीदरवा कायर बा...। इसके बाद वाराणसी और लखनऊ में उनके खिलाफ FIR दर्ज हुई थी। करीब 15 दिन पहले हजरतगंज कोतवाली पुलिस ने उनको बयान देने के लिए नोटिस भेजा था।

उस समय नेहा ने तबीयत का हवाला दिया था। शुक्रवार को फिर उनको नोटिस भेजा गया। इसके बाद शनिवार रात पति के साथ कोतवाली पहुंचीं।

### बयान के लिए जाने से पहले वकील से बात की

नेहा सिंह राठौर ने बताया- उन्होंने बयान के लिए जाने से पहले अपने वकील से बातचीत की थी। उसके बाद ही पुलिस के नोटिस पर कोतवाली पहुंची थीं। जानकारी हो कि नेहा सिंह राठौर ने 2025 में 4 मई को सुप्रीम कोर्ट के वकील कपिल सिब्बल से मिली थीं। उन्होंने उनके साथ तस्वीर साझा कर इसकी जानकारी भी दी थी।

# भारत का बांग्लादेश दौरा रद्द हो सकता है



■ राजनीतिक तनाव बढ़ा

■ सितंबर में होने वाली सीरीज पर BCCI की सहमति नहीं

भारत का बांग्लादेश दौरा रद्द हो सकता है। दोनों देशों के बीच लगातार बढ़ रहे राजनीतिक तनाव की वजह से सीरीज ठंडे बस्ते में जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक BCCI इस बार भी अपनी टीम को बांग्लादेश भेजने के मूड में नहीं है।

एक दिन पहले शुक्रवार को बांग्लादेश बोर्ड ने सितंबर में 6 मैचों की व्हाइट बॉल सीरीज की घोषणा की थी। BCB का कहना था कि तारीखें तय करने से पहले BCCI से बात की गई है। प्रस्तावित शेड्यूल के अनुसार भारतीय टीम 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी। फिर 1, 3 व 6 सितंबर को तीन वनडे खेलती। इसके बाद 9, 12 और 13 सितंबर को तीन टी20 मैच रखे गए हैं।

### BCB ने मीटिंग बुलाई

BCCI के मना करने के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अर्जेंट मीटिंग बुलाई हैं, जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। इससे पहले भी भारत ने दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव के चलते अपना बांग्लादेश दौरा रद्द कर दिया था। यही नहीं, BCCI के प्रतिनिधियों ने ढाका में होने वाली एशियन क्रिकेट काउंसिल की बैठकों में जाने से भी इनकार किया था।

### BCCI ने सहमति नहीं दी थी

भारतीय बोर्ड की तरफ से अभी तक इस दौरे पर सहमति के संकेत नहीं मिले हैं। माना जा रहा है कि बांग्लादेश में पिछले छह महीनों से जारी राजनीतिक हिंसा और अस्थिरता BCCI की सबसे बड़ी चिंता है। इससे पहले पिछले साल भी सुरक्षा कारणों से यह सीरीज अनिश्चितकाल के लिए टाल दी गई थी।

# उत्तराखंड में 8 मंजिला रहस्यमयी गुफा, बनावट देख वैज्ञानिक हैरान

**पिथौरागढ़.** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में 200 मीटर गहरी आठ मंजिला गुफा मिली है, जिसे देख वैज्ञानिक और विशेषज्ञ भी हैरान हैं। साल 2020 में गंगोलीहाट में खोजी गई इस 'महाकालेश्वर गुफा' के साथ ही क्षेत्र में अब तक 16 गुफाएं मिल चुकी हैं, जिन्हें अब सरकार एक बड़े ग्लोबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने जा रही है। प्रसिद्ध हाटकालिका मंदिर से महज एक किलोमीटर दूर स्थित महाकालेश्वर गुफा को खोजने का श्रेय स्थानीय युवा सुरेंद्र सिंह बिष्ट और उनके 'गंगावली वंडर्स ग्रुप' (ऋषभ रावल, भूपेश पंत और पप्पू रावल) को जाता है। क्षेत्र की अन्य गुफाओं की तरह यहां भी चट्टानों पर पौराणिक आकृतियां उभरी हैं। शिवलिंग की आकृति पर चट्टान से पानी टपक रहा है। इसके अलावा शेषनाग व अन्य पौराणिक देवी, देवताओं के चित्र भी उभरे हैं। यह अब तक मिली गुफाओं में सबसे बड़ी है। गुफा के अंदर पर्याप्त आक्सीजन भी है।



### 'ग्लोबल टूरिज्म' के नक्शे पर आएगा गंगोलीहाट

इन गुफाओं की खोज के बाद अब पर्यटन विभाग इन्हें विकसित करने की तैयारी में जुट गया है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी कीर्ति चंद्र आर्य ने बताया कि इन गुफाओं के विकास के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन (सरकार) को भेज दिया गया है। बजट की स्वीकृति मिलते ही यहां पर्यटकों के लिए बेहतर और सुरक्षित रास्ते बनाए जाएंगे। बैठने और विश्राम के लिए उचित स्थान का निर्माण होगा। साहसिक और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा।

### ऐसे हुई महाकालेश्वर गुफा की खोज

खोजकर्ताओं को पहले 35 फीट नीचे उतरना पड़ा। नीचे उतरते ही उन्हें पत्थरों से बनी प्राकृतिक सीढ़ियां दिखी। इन सीढ़ियों के जरिए वे आठ मंजिलों तक नीचे गए। इसके आगे भी रास्ता था, लेकिन वहां पहुंचना संभव नहीं हो सका। लगभग 200 मीटर लंबी इस गुफा की चट्टानों पर पौराणिक आकृतियां उभरी हैं। इसका नाम मां काली के नाम पर 'महाकालेश्वर गुफा' रखा गया है।

### चरवाहों ने ढूंढ निकाली 'लटेश्वर' गुफा

रहस्यों का सिलसिला यहीं नहीं थमता। लाली गांव के पास कुछ युवक (गौरव, दीपांशु, राहुल और आशु पंत) जब गाय-बकरी चराने गए, तो उन्हें एक संकरा रास्ता दिखा। जिसे स्थानीय भाषा में 'उडियार' कहा जाता था। जब टीम इसके भीतर गई, तो वे दंग रह गए। 100 मीटर लंबी इस गुफा में छत से पानी टपक रहा था और दीवारों पर अद्भुत कलाकृतियां बनी थीं। इसे ग्रामीणों ने 'लटेश्वर' नाम दिया है।

# राम रहीम जेल से 15वीं बार बाहर आएगा

■ डेरा मुखी को 40 दिन की पैरोल मिली

■ साध्वियों के यौन शोषण-मर्डर केस में कैद काट रहा

**रोहतक.** रोहतक की सुनारिया जेल में साध्वियों के यौन उत्पीड़न और पत्रकार हत्या के मामलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर 40 दिन की पैरोल मिल गई है।

इस दौरान राम रहीम डेरा सच्चा सौदा हेडक्वार्टर सिरसा में रहेगा। राम रहीम अभी अपनी दो साथी साध्वियों के साथ रेप के जुर्म में 20 साल की जेल की सजा काट रहा है।



अगस्त 2017 में रेप केस में दोषी ठहराए जाने के बाद गुरमीत राम रहीम सिंह इस बार 15वीं बार जेल से बाहर आएगा।

इससे पहले 15 अगस्त को अपना जन्मदिन मनाने के लिए राम रहीम रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर आया था।

### राम रहीम 2017 से जेल में है

25 अगस्त 2017 को 2 साध्वियों के यौन शोषण केस में राम रहीम को 20 साल कैद हुई। इसके बाद 17 जनवरी 2019 को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में उम्र कैद हुई। वहीं, डेरा मैनेजर रणजीत सिंह के हत्या मामले में अक्टूबर 2021 में CBI कोर्ट ने उसे उम्र कैद की सजा सुनाई। सजा मिलने के 3 साल बाद राम रहीम को इस मामले में हाईकोर्ट ने बरी कर दिया। अभी राम रहीम रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है। यहां से पैरोल और फरलो लेकर वह अब तक 14 बार बाहर आ चुका है। यह 15वां मौका है, जब राम रहीम जेल से बाहर आएगा।

# गंगोत्री में तापमान -22°C

■ नदी-झरने जमे


■ राजस्थान के 14 जिलों में कोहरा

■ MP में 15 दिन तक शीतलहर

■ दिल्ली में फ्लाइट्स में देरी

जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में शनिवार को तापमान शून्य से नीचे चला गया। उत्तरकाशी के गंगोत्री क्षेत्र में न्यूनतम तापमान माइनस 22 डिग्री पहुंचने से भागीरथी नदी जम गई।

राजस्थान में रविवार को 5 जिलों में शीतलहर और 9 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के माउंट आबू में लगातार दूसरे दिन पारा 0 डिग्री पहुंचा।



मध्य प्रदेश के भोपाल में सर्दी के इस सीजन में पहली बार पूरे दिन घना कोहरा रहा। 11 शहरों में दिन का तापमान 20 डिग्री से नीचे रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 15 दिन शीतलहर का अलर्ट है।

दिल्ली में रविवार सुबह कोहरा छाया रहा। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स में देरी हुई। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) ने कहा कि उत्तर भारत में घने कोहरे के चलते कई एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स प्रभावित हो सकती हैं।

पैसेंजर्स को सलाह दी जाती है कि एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी फ्लाइट का स्टेटस जरूर चेक करें। एयरलाइन और एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों का पालन करें।

## संक्षेप...

### बिग बॉस विजेता जय दुधाने धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार

**ठाणे.** रियल्टी टीवी शो बिग बॉस मराठी सीजन -3 जीत कर अपनी पहचान बनाने वाले जय दुधाने को एक रियल एस्टेट धोखाधड़ी मामले में मुंबई हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया है.

बताया गया कि दुधाने की गिरफ्तारी एक सेवानिवृत्त इंजीनियर की तरफ से दर्ज कराई गई प्राथमिकी के बाद हुई है. जिसमें आरोप लगाया गया है कि दुधाने और उनके परिवार के चार सदस्यों ने शिकायतकर्ता को ठाणे में पांच व्यावसायिक दुकानें खरीदने का झांसा देकर उनसे 4.61 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की.

# शिंदे बोले- ठाकरे बंधुओं का 'मराठी मानूस प्रेम' नकली

- **दोनों की नजर BMC की तिजोरी पर**
- **फडणवीस ने कहा- मुंबई का मेयर मराठी-हिंदू ही होगा**

**मुंबई.** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा- ठाकरे भाइयों का मराठी मानूस (लोग) के प्रति प्रेम नकली है और असली नजर बृहन्मुंबई महानगर पालिका (BMC) की तिजोरी पर है।

मुंबई के वर्ली में महायुति की रैली को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा- मुंबई का अगला मेयर मराठी होगा। चुनाव के समय ही कुछ लोगों को मराठी मानूस याद आता है। आदित्य-अमित ठाकरे का सत्ता में रहते समय विजन कहां था। तब सालों तक मुंबई को लूटा गया था।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी कहा कि बीजेपी नेतृत्व वाली महायुति मुंबई में मौजूद 'बांग्लादेशी घुसपैठियों' को देश से बाहर भेजेगी। साथ ही कहा कि मुंबई का अगला मेयर मराठी और हिंदू होगा।

दरअसल, महाराष्ट्र में 29 म्यूनिसिपल कार्पोरेशन के लिए 15 जनवरी को वोटिंग होनी है। इसका रिजल्ट 16 जनवरी को आएगा।



- **शिंदे बोले- मुंबई को विकास चाहिए**

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम ने कहा कि मुंबई महाराष्ट्र से अलग नहीं हो सकती और शहर को भावनात्मक राजनीति नहीं, विकास चाहिए। महायुति की यह रैली



BMC में बीजेपी-शिवसेना गठबंधन की जीत की शुरुआत है।

शिंदे ने कहा कि जो लोग पहले लाडकी बहिन योजना की आलोचना करते थे आज इसी से मिलती-जुलती योजनाओं की घोषणा कर रहे हैं। इस योजना के तहत राज्य की पात्र महिलाओं को 1500 मासिक सहायता मिलती है।

### फडणवीस का दावा- हर मुंबईकर को घर मिलेगा

फडणवीस ने कहा कि महायुति घोषणाओं के बजाय काम पर भरोसा करती है। उन्होंने दावा किया कि हर मुंबईकर को शहर में घर मिलेगा, झुग्गीवासियों को भी गुणवत्तापूर्ण आवास दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुंबई में 450 किमी का मेट्रो नेटवर्क तैयार किया जा रहा है, जिसमें से 150 किमी पहले ही चालू हो चुका है। मुंबई को देश का सबसे पर्यावरण-अनुकूल शहर बनाने के लिए 17 हजार करोड़ का पर्यावरण बजट भी लाया जाएगा।

### अजित पवार और बीजेपी आमने-सामने



महाराष्ट्र में निकाय चुनावों के बीच महायुति गठबंधन (NDA) में आपसी झगड़े शुरू हो गए हैं। महाराष्ट्र सरकार में डिप्टी सीएम अजित पवार ने शुक्रवार को पिंपरी-चिंचवड़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा- जिन लोगों ने कभी मुझ पर 70 हजार करोड़ के सिंचाई घोटाले जैसे आरोप लगाए थे, वही लोग आज मेरे साथ सत्ता में हैं। सिर्फ आरोप लगने से कोई व्यक्ति दोषी नहीं हो जाता है, जब तक अदालत में अपराध साबित न हो जाए।

अजित पवार भाजपा नेता मुरलीधर मोहोल के बयान पर बोल रहे थे। मोहोल ने कहा था- एनसीपी ऐसे उम्मीदवारों को टिकट क्यों दे रही है, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। अजित के तीखे जवाब से नाराज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने शनिवार को कहा- अजित पवार अपनी गिरेबान में झांकें, अगर मैंने बोलना शुरू किया, तो वह मुश्किल में पड़ सकते हैं।

**भिवंडी शहर जिला समाजवादी पार्टी**

## अध्यक्ष पद पर अनस अंसारी की नियुक्ति



**भिवंडी.** करीब 4 साल के लंबे अरसे के बाद आखिरकार भिवंडी मनपा चुनाव के मौके पर भिवंडी शहर जिला समाजवादी पार्टी अध्यक्ष पद पर अनुभवी नेता मु.अनस अंसारी की नियुक्ति किए जाने से समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर फैल गई है. नियुक्ति के बाद नवनियुक्त अध्यक्ष मु.अनस अंसारी ने कहा कि मैं प्रदेश सपा अध्यक्ष विधायक अबू आसिम आजमी का बेहद शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने ऐन चुनाव के मौके पर मुझे अहम जिम्मेदारी सौंपी है.मैं महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष सीनियर लीडर अजय यादव, पार्टीनसमन्वय समिति सदस्यगण अरफात शेख, सलाम नोमानी, रियाज आजमी, एस.पी. यादव, आफताब शेख, मसलफ अंसारी, परवेज सरदार व मुन्नवर शेख सहित सभी पाटी कार्यकर्ताओं एवं शुभिचंतकों को हृदय की गहराइयों से धन्यवाद देता हूँ. मैं सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाता हूं कि प्रदेश अध्यक्ष विधायक अबू आसिम आजमी द्वारा दी गयी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठापूर्वक निभाऊंगा. सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के सहयोग से पार्टी को पूरी तरह से मजबूत करूंगा और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाऊंगा.

## कांग्रेस-BJP झड़प मामले में क्रास कम्प्लेंट दर्ज

- **दो पुलिस थानों में 23 लोगों के खिलाफ केस दर्ज**

**भिवंडी.** भिवंडी में महानगर पालिका चुनाव के प्रचार के दौरान शनिवार शाम 7:30 बजे भंडारी चौक नारपोली में कांग्रेस और BJP के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प में दो अलग-अलग पुलिस थानों में 23 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, BJP उम्मीदवार यशवंत टावरे की नारपोली पुलिस स्टेशन में दी गई



शिकायत पर देर रात कांग्रेस उम्मीदवार जितेंद्र पाल, राज यादव, धर्मेंद्र पाल, राहुल पाल, अश्विनी वर्मा उर्फ मल्लू, गोपी वर्मा, लकी जायसवाल, नूर अली चीनीवाला, लखन राठौड़, रोहित यादव उर्फ लेंडी, विक्की वर्मा, यश पाटिल और 30 से 35 अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

दूसरी तरफ, कांग्रेस उम्मीदवार जितेंद्र पाल की शिकायत के बाद भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में यशवंत टावरे, रूपम टावरे, योगेश टावरे, रितेश टावरे, भरत टावरे, किरण माने, राजा इंदुरकर, विक्की बिल्लारे, राहुल जाधव, जसवंत गुप्ता, नितेश जाधव और 4 से 5 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस उम्मीदवारों की प्रचार रैली बिना अनुमति के थी, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार का ऑफिस भी बिना अनुमति के खोला गया था। इस संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर 5 के मार्गदर्शन में फ्लाइंग स्क्वॉड के कर्मचारी संदीप चव्हाण ने भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में कांग्रेस उम्मीदवार जितेंद्र पाल के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है।

## उल्हासनगर में 7-8 बागियों ने शिवसेना के लिए सिरदर्द बढ़ाया

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में सबसे ज्यादा बगावत शिंदे सेना और BJP में हुई। शिंदे सेना की पूर्व नगरसेविका ज्योति माने, समिधा कोर्डे, जयश्री सुर्वे के साथ ही महिला शहर संगठक मनीषा भानुशाली, स्मिता चिखलकर, उपमहापौर संदीप गायकवाड़, ज्ञानेश्वर मारसले आदि ने टिकट कटने पर पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ बगावत कर निर्दलीय उम्मीदवारी दाखिल की। पार्टी ने बागियों को मनाने की जिम्मेदारी स्थानीय नेतृत्व को दी। हालांकि, उनमें से कई उम्मीदवारी वापस लेने के मूड में नहीं थे, इसलिए शिंदे सेना को 7 से 8 सीटों पर झटका लगने की संभावना है।

भाजपा ने सभी 78 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। बाहर से आए पार्टी नेताओं को उम्मीदवार बनाने के कारण पार्टी पदाधिकारी दिनेश लहरानी, संजय रामरख्या, योगेश म्हात्रे, नीलेश बोबड़े आदि ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर उम्मीदवारी दाखिल की। एक ही वार्ड में एक से ज्यादा लोगों ने उम्मीदवारी दाखिल की। कई बागियों ने आवेदन भरे और अपने गांव चले गए।

## अंबरनाथ के व्यापारियों पर अन्याय नहीं होने देंगे -नगराध्यक्षा

- **अंबरनाथ व्यापारी संघ ने नगराध्यक्षा को दी शुभेच्छा**

**यूसुफ शेख**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में किसी भी व्यापारी के साथ अन्याय नहीं होगा. ऐसा आश्वासन नगराध्यक्षा जयश्री करंजुले पाटिल ने अंबरनाथ व्यापारी संघ के पदाधिकारियों को दिया है. व्यापारी संघ के 100 से ज्यादा व्यापारियों ने शनिवार को नगराध्यक्षा को फेटा पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर नपा कार्यालय में जाकर उन्हें शुभेच्छा दी. व्यापारी संघ अध्यक्ष खानजी धल, महासचिव यूसुफ शेख ने व्यापारियों की समस्या केसाथ नगराध्यक्षा को ये जानकारी भी दी है कि केबी सड़क विस्तारीकरण के समय प्रशासन ने एक हजार दुकानों को ध्वस्त किया था. उन्हें पर्यायी



जगह दी जाए. साथ ही शहर पूर्व में आज से 12 वर्ष पूर्व चव्हाण नाट्यगृह को नया बनाने के लिए ध्वस्त किया गया था. उसमें भी दर्जनों व्यापारियों की दुकानें तोड़ दी गई थी. उनको भी न्याय देने की बात कही गई. इसके उत्तर में नगराध्यक्षा ने कहा कि शहर में किसी भी व्यापारी के साथ अन्याय नहीं होगा.

उन्होंने ये भी कहा कि उनके ससुर गुलाबराव करंजुले पाटिल ने शहर में एक व्यापारी की हैसियत से कार्य किया है. उन्होंने व्यापारी संघ एवं व्यापारियों के लिए बहुत कुछ किया है. हितेश कोठारी एवं रूपसिंह धल ने आभार व्यक्त किया.

शहर पूर्व पश्चिम, स्टेशन रोड, बांगड़ी गली, छत्रपति भाजी मंडई के व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे. अंबरनाथ व्यापारी संघ के पदाधिकारी बेलाराम कुंभार, किशोर जैन, परेश शाह, आकाश राकां, जितेंद्र परमार, मयूर विसरिया, नफीश शेख, मिकीन गाला, कांति हरिया, विक्रम राठोड़ आदि व्यापारी उपस्थित थे.

### पूनम महाजन ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

नालासोपारा. पश्चिम के जय विजय नगरी, यशवंत गौरव संकुल में रविवार शाम 4:30 बजे भाजपा शिवसेना महायुति वार्ड क्रमांक 11 मध्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व सांसद पूनम महाजन ने फीता काटकर किया.

इस दौरान भाजपा में शामिल हुये अन्य दलों से आए सैकड़ों कार्यकर्ताओं का पूर्व सांसद पूनम महाजन भाजपा का स्कार्फ पहना कर पार्टी में स्वागत किया.

## प्रभात फेरी से लोगों को जागरूक करने का अभियान

**ठाणे.** मतदान परसेंटेज बढ़ाने और हर नागरिक को लोकतंत्र के अधिकार का इस्तेमाल करने के मकसद से, ठाणे महानगरपालिका की दिवा प्रभाग समिति के तहत वार्ड नंबर 27 और 28 में स्कूली छात्रों के ज़रिए असरदार वोटिंग जागरूकता अभियान चलाया गया। ठाणे मनपा आयुक्त और चुनाव अधिकारी सौरभ राव के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के नोडल अधिकारी डॉ. मिताली संचेती के सहयोग से स्वीप गतिविधियों के ज़रिए वोटिंग के बारे में बड़े पैमाने पर लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है।दिवा



स्टेशन (पूर्व) में एस. एम. जी. विद्यालय में वोटिंग जागरूकता शपथ और प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। इस प्रभातफेरी में छात्रों ने 'वोट देना अधिकार और कर्तव्य है' और 'लोकतंत्र को मज़बूत करने के लिए वोट करें' जैसे नारे लगाए और लोगों में जागरूकता पैदा की।इस गतिविधि में स्कूल के प्रिंसिपल धडवे सर, सभी टीचर, छात्र और माता-पिता ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। साथ ही, स्वीप टीम चीफ सचिन विलास वैदांडे (टीम नंबर 27 और 28) के नेतृत्व में मच्छिंद्र साहेबराव मुंडे, गिरीश शेलार (सेंटर कोऑर्डिनेटर – 15), शिवा सांगले, निवृत्ति जाधव और स्वीप टीम के सदस्य मौजूद थे।इस पब्लिक अवेयरनेस एक्टिविटी से नागरिकों में मतदान को लेकर एक पॉजिटिव मैसेज गया है, और आने वाले चुनावों में ज़्यादा से ज़्यादा मतदान से बिना डरे मतदान करने की अपील की गई।

## 'ठाणे मनपा पर महायुति का भगवा लहराएगा'

**ठाणे.** परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कार्यकर्ताओं की बैठक में कहा कि आपके आशीर्वाद से चार बार विधायक आप सभी के आशीर्वाद और प्यार की वजह से ही चुना गया और परिवहन मंत्री के तौर पर लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिला। हम सभी को इस चुनाव में मिलकर काम करना है। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के गाइडेंस में हम यह चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने हम पर जो भरोसा दिखाया है, हमें उस पर खरा उतरना है,मंत्री प्रताप सरनाईक ने पदाधिकारियों से आवाहन किया।ठाणे मनपा के आम चुनावों के बैकग्राउंड में मंत्री



सरनाईक की अध्यक्षता में ओवला माजीवाड़ा चुनाव क्षेत्र के पदाधिकारियों की एक मीटिंग हुई। इस मौके पर युवा सेना के वर्किंग प्रेसिडेंट श्री. पूर्वेश सरनाईक के साथ डिपार्टमेंट हेड, सब-डिपार्टमेंट हेड, महिला डिपार्टमेंट हेड, असेंबली हेड बड़ी संख्या में मौजूद थे।

अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को जिताना हम सबकी ज़िम्मेदारी है। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत और मिलकर काम करना चाहिए। पदाधिकारियों को भरोसे में लेकर कैंपेन का काम करें। पार्टी का अनुशासन ज़रूरी है, प्रताप सरनाईक ने कहा।इस मौके पर युवा सेना कार्याध्यक्ष पूर्वेश सरनाईक ने पदाधिकारियों को संबोधित किया। पिछले कई चुनावों में आपने मेरे पिता को जो प्यार, भरोसा और आशीर्वाद दिया है, उसके लिए मैं सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और नागरिकों का दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। यह चुनाव हमारे कार्यकर्ताओं, हमारे सेवकों और जनता के भरोसे का है। हम आज से ऑफिशियली कैंपेन शुरू कर रहे हैं, और आइए हम सब मिलकर विकास के कामों और जनहित के फैसलों को मतदाता तक मजबूती से पहुंचाने का संकल्प लें, पूर्वेश सरनाईक ने कहा। इस मौके पर महायुति के सभी 28 उम्मीदवारों को जिताने की एकमत से शपथ ली गई।

## एक्ट्रेस सोनम बाजवा न्यू ईयर परफॉर्मेंस से विवादों में फंसी

- **शॉर्ट कॉस्टयूम और डांस मूव्स पर पंजाबियों को एतराज**

एक्ट्रेस सोनम बाजवा के न्यू ईयर पर गोवा में डांस देखकर पंजाबी भड़क गए हैं। परफॉर्मेंस के दौरान सोनम के शॉर्ट कॉस्ट्यूम पहनने पर सोशल मीडिया पर पंजाबियों ने एतराज जताया है। सोनम का वीडियो सामने आने पर यूजर ने लिखा की छोटे कपड़े पहनकर सोनम पंजाब का जुलूस निकलवा रही है। यह पंजाब का सभ्याचार नहीं है। गुस्साए यूजर ने सोनम को फेल हीरोइन तक कह दिया।

परफॉर्मेंस के दौरान सोनम के डांस मूव को देखकर भी यूजर्स ने कहा कि इससे बढ़िया खाड़कुओं का टाइम था, तब ऐसी गंदगी नहीं हुआ करती थी।

यह पहली बार नहीं है, जब सोनम बाजवा विवादों में फंसी हों। इससे पहले वह एक फिल्म में शराब-सिगरेट पीने और फिर मस्जिद में शूटिंग को लेकर विवादों में घिर चुकी हैं।

### शाही इमाम से माफी मांगनी पड़ी थी

इससे पहले सोनम बाजवा को पंजाब के शाही इमाम मोहम्मद उस्मान लुधियानवी से माफी मांगनी पड़ी थी। दरअसल, पंजाबी मूवी 'पिट सियापा' की टीम फतेहगढ़ साहिब पहुंची थी। वहां



उन्होंने मस्जिद में शूटिंग की थी। शाही इमाम ने कहा था कि मस्जिद में शूटिंग कर बेअदबी की सारे हदें पार की। वहीं पर खाना-पीना किया गया। ये गुस्ताखी है। मस्जिद में मर्यादा के उलट सीन फिल्माए गए। शाही इमाम ने फतेहगढ़ साहिब के एसएसपी को सोनम बाजवा, फिल्म के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर के खिलाफ एफआईआर करने के लिए कहा था। सोनम व उनकी टीम ने माफी मांगकर विवाद से पीछा छुड़ाया था।

## जुपिटर मैराथन ठाणे कॉम्पिटिशन में धावक ने दिया मतदान का संदेश

**ठाणे.** शहर में आज मनपा और जुपिटर हॉस्पिटल के साथ मिलकर जुपिटर मैराथन कॉम्पिटिशन ऑर्गनाइज़ किया गया। इस मैराथन कॉम्पिटिशन में 5 हज़ार से ज़्यादा कंटेस्टेंट्स ने हिस्सा लिया। इस मैराथन के दौरान, ठाणे मनपाके ज़रिए 15 जनवरी 2026 को होने वाले मनपा के आम चुनावों के बारे में लोगों को अवेयर किया गया। कंटेस्टेंट्स ने अवेयरनेस बैनर पकड़े हुए थे और लोगों से मतदान देने की अपील की।इस अवसर पर मनपा मनीष जोशी, स्वीप इनिशिएटिव के नोडल अधिकारी और उपायुक्त मिताली संचेती मौजूद थे। आज 21 किमी, 10किमी और 5 किमी के




कॉम्पिटिशन ऑर्गनाइज़ किए गए।ठाणे मनपा के स्वच्छ सर्वे कैंपेन के ज़रिए साफ़-सफ़ाई के महत्व पर ज़ोर दिया गया। मैराथन में हिस्सा लेने वाले धावक लोगों और युवाओं में 'मतदान एक अधिकार और फ़र्ज़ है', 'चलो 15 जनवरी को मतदान करें' जैसे मैसेज वाले प्लेकार्ड, बैनर और स्लोगन के ज़रिए अवेयर किया गया। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मैराथन में हिस्सा लिया और सफाई, ज़िम्मेदार नागरिक होने और बिना डरे वोट देने का मैसेज दिया। साथ ही धावक ने सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेकर वोट देने का फैसला किया, जिस पर मैसेज था 'मैं ठाणे का एक जागरूक नागरिक हूं, मैं अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल करूंगा'।मनपा एडमिनिस्ट्रेशन ने हर योग्य वोटर से अपील की कि वे डेमोक्रेसी को मज़बूत करने के लिए अपने मतदान के अधिकार का इस्तेमाल करें। हिस्सा लेने वाले धावकों ने मतदान देने की शपथ भी ली।

## उल्हासनगर में जलाई गई 'क्रांतिज्योति' मशाल

**उल्हासनगर.** आज़ादी की लड़ाई के शानदार इतिहास को फिर से ज़िंदा करते हुए, उल्हासनगर में क्रांति की मशाल जलाई गई। 1942 की लड़ाई में अपनी जान कुर्बान करने वाले महान क्रांतिकारी भाई कोतवाल उर्फ़ विट्ठल लक्ष्मण कोतवाल के शहीदी दिवस के मौके पर आयोजित 'क्रांतिज्योति मशाल रैली' ने पूरे इलाके को देशभक्ति के नारों से गुंजायमान कर दिया। 'अमर रहे, अमर रहे, भाई कोतवाल अमर रहे' के नारों ने दिखाया कि नई पीढ़ी ने भी आज़ादी के मूल्यों से अपना जुड़ाव मज़बूत किया है।

1942 के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारी शहीद वीर भाई कोतवाल के शहीदी दिवस के मौके पर, उल्हासनगर-4 की क्रांतिकारी शहीद वीर भाई कोतवाल मेमोरियल कमेटी की तरफ़ से एक बड़ा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण क्रांतिज्योति मशाल रैली थी। यह रैली कैंप-4 के हुतात्मा वीर भाई कोतवाल चौक से शुरू हुई और लालचक्की चौक, छत्रपति शाहू महाराज फ्लाईओवर, उल्हासनगर रेलवे स्टेशन, राजमाता जीजाबाई उद्यान इलाके से होते हुए वापस हुतात्मा वीर भाई कोतवाल चौक पहुंची।

इस रैली का नेतृत्व तीन युवाओं उदय पाटिल, रामेश्वर गव्हाणे, यश मिस्त्री ने किया। 2 जनवरी 1943 को ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान क्रांतिकारी वीर भाई कोतवाल की याद में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर स्मारक समिति के संस्थापक अध्यक्ष मनोज कोरडे, उपाध्यक्ष संदीप साईखेड़े, कोषाध्यक्ष संतोष खंडागले, उपाध्यक्ष मधुकर कोकाटे, कार्यकारी अध्यक्ष अंकुश श्रीखंडे, उपाध्यक्ष संदीप रावताले, रख-रखाव समिति के दिनेश सोनावले, सलाहकार राजन चव्हाण और इलाके के वरिष्ठ नागरिक मौजूद थे।

नवजीवन کو آپریٹو بینک لمیٹیڈ
NAV JEEVAN CO-OP. BANK
ESTD : 1985
Head Office:
Bhawani Saw Mills Compound,
Ulhasnagar-3.
☎: 0251-2572101:2568541/Fax 2567523
Visit us at: www.navjeevanbank.com

SERVICES AVAILABLE

Features and Services of Bank
- Different types of Deposits Schemes with Attractrive Deposits Rates.
- All types of Loans & Advances facilities with Competitive Rate.
- 24x7 NEFT/RTGS Services.
- Safe and Secure Mobile Banking Service with NEFT and RTGS Services.
- Franking Service in Ulhasnagar and Thane.
- Insurance Service through corporate Partners

Upcoming Service

Blocking & Unblocking ATM cards through SMS.

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099